जंतु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्र- छात्राओं के लिए 18 अक्टूबर, 2023 को एनबीआरआई बोटैनिकल गार्डन,लखनऊ तथा नवाब वाजिद अली शाह जूलॉजिकल गार्डन, लखनऊ का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनता कॉलेज बकेवर, इटावा के जंतु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्र- छात्राओं के लिए 18 अक्टूबर, 2023 को एनबीआरआई बोटैनिकल गार्डन ,लखनऊ तथा नवाब वाजिद अली शाह जूलॉजिकल गार्डन , लखनऊ का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ ललित गुप्ता के निर्देशन में छात्र-छात्राएं प्रातः 6:30 बजे बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए। लखनऊ पहुंचकर , एनबीआरआई के डॉ प्रसाद के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने कंजरवेटरी , सायकस गार्डन, ब्रायोफाइट गार्डन, टेरिडोफाइट् गार्डन का अवलोकन किया तथा जानकारी को डायरी में नोट भी किया। छात्र-छात्राएंबोनसाई गार्डन भी गए वहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के बोनसाई देखें तथा उनके बनाने का तरीका भी जाना। इसके पश्चात छात्र-छात्राएं लखनऊ के जूलॉजिकल गार्डन गए। वहां पर उन्होंने एशियाई शेर, चीता, भालू, लोमड़ी, जिराफ्, मगर,घड़ियाल, विभिन्न प्रकार के पक्षी, मछलियां तथा सर्प आदि का अवलोकन किया।

तितली पार्क , तथा स्नेक पार्क में छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि पूर्वक जानकारियां प्राप्त की। इस भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो ईरम सलीम, डॉ शैली यादव, श्री रमेश चंद्र एवं श्री रितेश का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य प्रो डॉ आर के त्रिपाठी एवं मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ ए के पाण्डेय ने बधाई दी और प्रसन्न्ता व्यक्त की ।